पदनाम	नियुक्त कर्मचारी		वेतनमान
	हिन्दी कतरनों के लिए	अंग्रेजी कतरनों के लिए	
सूचना सहायक	5	2	270-10-290-15-410-द.अ. 15-485 रुपये
सहायक/ उच्च श्रेणी लिपिक	4	—	सहायक-210-10-270-15-300 द.अ. 15-450-द. अ.-20-530 रुपये उच्च श्रेणी लिपिक : 130-5-160-8-200-द.अ.-8-280 रुपये
लिपिक	1	—	110-3-131-4-155-द.अ.-4-175-5-180 रुपये
दफतरी	12	2	75-1-85-द.अ.-2-95 रुपये
चपरासी	1	—	70-1-80-द.अ.-1-80 रुपये

प्रेस ट्रस्ट आफ इंडिया और समाचार भारती को वित्तीय सहायता

1182. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
श्री रामस्वरूप विद्यार्थी :
श्री नारायण स्वरूप शर्मा :
कुमारी कमला कुमारी :
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री 18 दिसम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4959 के उत्तर के सम्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रेस ट्रस्ट आफ इण्डिया तथा 'समाचार भारती' को दूसरी किश्तों का भुगतान करने के सम्बन्ध में इस बीच विचार किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो किश्तों का कब भुगतान किया गया था और वे किश्तें कितनी राशि की थीं ;

(ग) यदि नहीं, तो बिलम्ब के क्या कारण हैं और इसका भुगतान कब तक किये जाने की सम्भावना है ;

(घ) क्या उपकरण खरीदने के लिये 'हिन्दुस्तान समाचार' को ऋण देने के प्रश्न पर इस बीच विचार किया गया है ; और

(ङ) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या निर्णय किया है ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) :

(क) से (ग) प्रेस ट्रस्ट आफ इण्डिया को 12 लाख रुपए और समाचार भारती को 75,000 रुपए की ऋण की दूसरी किश्तों को रिलीज़ करने की वित्तिय मंजूरियां पहले ही दी जा चुकी हैं, और उनके जनरल मैनेजरों को ट्रेज़री से अपनी-अपनी राशियां लेने के लिए अधिकृत कर दिया गया है ।

(घ) और (ङ). मामला विचाराधीन है।

वैदेशिक सेवाओं में हिन्दी प्रसारण

1183. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
श्री रामस्वरूप विद्यार्थी :
श्री नारायण स्वरूप शर्मा :
कुमारी कमला कुमारी :

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री, 18 दिसम्बर, 1968 के तारांकित प्रश्न संख्या 820 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी के विदेश सेवा प्रसारणो में अंग्रेजी प्रसारण की तुलना में हिन्दी